# आकाशवाणी, गोरखपुर

<u>दिनांक–14 अगस्त 2025</u> <u>सान्ध्य समाचार</u>

देश कल उन्यासीवां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर दिल्ली में लाल किले के प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है। एक रिपोर्ट–

***स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाया जाएगा। निमंत्रण पत्रों पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी अंकित है। लाल किले में होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग पांच हजार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्पेशल ओलिम्पिक 2025 का भारतीय दल, अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेता और खेलो इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता शामिल हैं। समाचार कक्ष से आनंद पाठक।***

स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के तैंतीस ग्राम प्रधान, चौदह लखपति दीदियां और एक सौ अठहत्तर श्रमिकों सहित कई अन्य लोग भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता तथा सेवा पदक से सम्मानित भी किया जाएगा।

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अबसे थोड़ी देर बाद शाम सात बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों से अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अपने लखनऊ स्थिति आवास से इस अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री महाना ने लोगों का आह्वान किया कि वह स्वतंत्रता दिवस को गर्व के साथ मनायें और देशभक्ति की भावना को मजबूत करें।

**********

विधानमण्डल के मॉनसून सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन डाक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस पर लगातार चली विशेष चर्चा का आज विधानसभा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह डाक्यूमेंट प्रदेश की पचीस करोड़ जनता की आशा और आकांक्षा का प्रतिबिंब होगा।

**'यह विजन डॉक्यूमेंट उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ के जनता की आशा और आकांक्षाओं का एक प्रतिबिंब होता विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश के परिकल्पनाओं को सरकार करने का एक रोड मैप होगा हमने तय किया है इस रिवीजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक का परिवार का योगदान होगा इस उद्देश्य से हमने 500 से अधिक विषय विशेषज्ञ क्यों का एक पल तैयार करने का निश्चय किया है जिसमें सेवन निर्मित आईपी आईपीएस सेक्टरल स्पेशलिस्ट कृषि वैज्ञानिक कुलपतिगढ़ प्रोफेसर्स समाज वैज्ञानिक चिकित्सक सहित विभिन्न क्षेत्रों के जो विशेषज्ञ हैं उन्हें भी इसमें शामिल किया गया है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस विजन डाक्यूमेंट के लिये एक परिवार से कम से कम एक सुझाव अवश्य आवे।

**********

समाजवादी पार्टी ने अपनी विधायक पूजा पाल को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया है। उन्होंने प्रदेश विधानसभा में विजन डाक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस पर चली चौबीस घंटे की विशेष चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की थी। अपने निष्कासन पर पूजा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से पीड़ित परिवार के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब कुछ सही होगा तो उसे सही ही बोला जाएगा।

**********

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में भारत के विभाजन के दौरान के पीड़ितों के कष्टों को याद किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा सीएए के अंतर्गत प्रदेश में पात्रता की श्रेणी में रह रहे सभी परिवारों का उचित पुनर्वास करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

**********

पितृपक्ष में यात्रियों की सुविधा के लिए राज्य सड़क परिवहन निगम ने वाराणसी से गया के बीच में विशेष बस सेवा की शुरुआत की है। चंदौली डिपो की यह बस वाराणसी के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डे से प्रतिदिन रात आठ बजे से चल कर सुबह चार बजे गया पहुंचेगी। वापसी में सुबह आठ बजे गया से चल कर अपराह्न तीन बजे तक यह वाराणसी पहुंच जाएगी। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि इस सेवा को ट्रॉयल के तौर पर कल से शुरू कर दिया गया। सेवा के सफल रहने पर इसे नियमित रूप से संचालित किया जा सकता है।

**********